हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 विधायक ध्रुव ने सिकासार क्षेत्र में किया जनसंपर्क

12 कीचड़ भरी सड़क, लालटेन का जीवन रक्शापथरा...




# मांगों को लेकर स्कूल सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी


## आज से 22 अगस्त तक 22 दिनों तक जिलेवार बैठेंगे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

प्रदेश के अंशकालिन स्कूल सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। सफाई कर्मचारी अब 22 दिन धरने पर बैठेंगे। छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ने हड़ताल को लेकर घोषणा की है।

स्कूल सफाई कर्मचारी मानदेय बढ़ाने और कार्य अवधि निर्धारित करने की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ फिगेंश्वर द्वारा जारी ज्ञापन के अनुसार, प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारी 1 अगस्त से 22 अगस्त तक जिलेवार अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। जिसमें गरियाबंद जिला के 4 अगस्त को गरियाबंद जिला संघ के प्रदेश भर के संघ कर्मा शामिल होगें।इसका असर स्कूल की सफाई व्यवस्था पर पड़ने वाला है. इससे पहले प्रदेश भर के स्कूल सफाई कर्मचारी ने 16 जुलाई से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।

सफाई कर्मचारी संघ फिंगेश्वर का कहना है, 2023 की विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भी घोषणा पत्र में 50% वेतन वृद्धि और 100 दिन में मोदी की गारंटी घोषणा पत्र में उल्लेख को अमल करने और संघ की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अभी 18 महिने तक मांग पूरा नहीं किया गया है। उनकी मांग है उन्हें कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाए. अपनी इसी मांग को लेकर सफाई ⏭ शेष पेज 11 पर




### स्कूल सफाई कर्मचारियों की मांग

ब्लाक संघ अध्यक्ष तरुण साहू, सचिव चेतन सिन्हा कुण्डेल व सफाई कर्मचारियों के अनुसार, सरकारी स्कूलों में पिछले 15 वर्षों में प्रदेश भर 43301, गरियाबंद जिला में 1365, अपने फिंगेश्वर ब्लॉक में 240 स्कूल सफाई कर्मचारी कार्यरत है, शासन के आदेश अनुसार स्कूलों में केवल 2 घंटे साफ सफाई करना निश्चित है। परंतु अधिकांश स्कूलों में चपरासी नहीं होने के कारण सफाई कर्मचारी चपरासी समेत स्कूल के सभी काम करते हैं। काम के एवज में उन्हें प्रतिमाह केवल तीन हजार से 3400 रुपए मानदेय का भुगतान किया जाता है। इस महंगाई के जमाने में यह रकम परिवार के भरण पोषण के लिए पर्याप्त नहीं है।

## समस्या : जर्जर भवन, लकड़ी की बाड़ और दुर्घटना का खतरा

# चिपरी छिंदभर्री स्कूल की छत जर्जर, कमरों में भर रहा पानी, बच्चों की जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में बदहाल स्कूल भवनों के कारण छात्र-छात्राओं को अध्यापन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है, तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 38 किलोमीटर दूर बिहड़ जंगल के अंदर बसा ग्राम पंचायत कोकडी के आश्रित ग्राम छिनंदभर्री चिपरी में प्राथमिक शाला का संचालन सन 1997 किया जा रहा है, यह भवन का निर्माण वर्ष 2001–02 में सर्व शिक्षा अभियान के तहत किया गया था स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गया है छत की स्थिति बेहद दयनीय छड लोहे की सरिया बाहर निकल गई है, लगातार बारिश से इन दिनों स्कूल के भीतर पानी झरने की तरह बह रहा है जिसके कारण यहा छात्र छात्रओं को पढाई कराने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है इस विद्यालय की दर्ज संख्या 26 है और यहा बच्चों को पढाने के लिए 02 शिक्षक की व्यवस्था किया गया है लेकिन एक शिक्षक का तबीयत खराब होने के कारण एक शिक्षक ही पांच कक्षाओ को एक साथ पढ़ा रहा है। सुदुर वनांचल में बसा इस ग्राम तक निरीक्षण करने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी कभी पहुचते ⏭ शेष पेज 11 पर




### कवेलु वाला जर्जर भवन में शुक्लाभाठा प्राथमिक शाला संचालित

ग्राम पंचायत गोना के आश्रित ग्राम शुक्लाभाठा में सन 1985 में निर्माण किए गए कवेलु वाला भवन में स्कूल का संचालन किया जा रहा है यहां नया भवन निर्माण किया जाना बेहद आवश्यक हो चला है साथ ही यहां के बच्चे शिक्षा में काफी होनहार है हर प्रश्नों का आसानी से उत्तर देते दिखाई दिए। स्कूल में आहता के अभाव के कारण ग्रामीणो के द्वारा चारो तरफ लकड़ी के आहता बनाया गया है साथ ही स्कूल परिशर में बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है आसपास बच्चे छुट्टी में खेलकूद करते रहते है जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना की अंदेशा है तत्काल बिजली के ट्रांसफार्मर को स्कूल परिशर से हटाने की जरूरत है। इस विद्यालय में 34 छात्र -छात्राएं अध्यनरत है।



# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 13 केन्द्र बनाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ जिले में 2 हजार 900 परीक्षार्थी होंगे शामिल

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार 03 अगस्त को जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा 2025 आयोजित की की गई है। इस संबंध में परीक्षा शाखा के नोडल अधिकारी सुश्री नेहा भेड़िया ने बताया कि प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा के लिए जिले में 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इस परीक्षा में जिले में 2 हजार 900 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 01:15 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों में एक-एक आब्जर्वर अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही नकल रोकने के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री परीक्षा केन्द्र में पर्यवेक्षक की उपस्थिति में खोली जायेगी। पर्यवेक्षक केन्द्राध्यक्ष के साथ मिलकर परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु सहयोग करेंगे। परीक्षा के संबंध में शुक्रवार 01 अगस्त को दोपहर 03.00 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष आवश्यक बैठक आयोजित होगी, जिसमें सभी अधिकारियों एवं सभी पर्यवेक्षक की उपस्थित होने कहा गया है।

प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA | DCA
B.P.Ed. | B.P.E.
B.COM | B.Sc (CS/IT)
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण के उद्देश्य से जिले में संचालित निजी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर गुणवत्तायुक्त निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से विकास के समान अवसर प्रदान करने हेतु अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इस योजनांतर्गत अनुबंधित निजी आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाया जाएगा, जिसमें कक्षा 12वीं तक निःशुल्क अध्ययन कराया जायेगा। इसका लाभ लेने के लिए इच्छुक पंजीकृत निर्माण श्रमिक 05 अगस्त 2025 तक ऑनलाईन आवेदन विभागीय वेबपोर्टल तथा श्रमेव जयते मोबाईल एप्प के माध्यम से या किसी भी नजदीकी च्वाईस सेंटर, कार्यालय श्रम पदाधिकारी, गरियाबंद, श्रम संसाधन केन्द्र से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### 3500 की शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

**अभनपुर।** थाना अभनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम छोटे उरला स्थित डिस्पोजल फैक्ट्री के पास एक युवक को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अजय पाल उम्र 35 वर्ष, निवासी उल्बा के पास से सफेद प्लास्टिक बोरी में रखे 35 पौवा देशी मदिरा मसाला (यूनिक ब्रांड), कुल 6.300 बल्क लीटर कीमती लगभग 3500 रूपये की शराब बरामद की गई। प्रकरण में आरोपी शराब रखने का कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद उसके विरुद्ध थाना अभनपुर में धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।

### शराब बनाने का सामान जब्त

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने ग्राम पाटनदादर बाबा डेरा के पास नहर किनारे शराब व शराब बनाने का सामान जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भट्ठी से महुआ शराब बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस को आते देखकर शराब बनाने वाले वहां से भाग निकले। पुलिस ने घटनास्थल ग्राम पाटनदादर बाबाडेरा के पास नहर किनारे से एक सफेद रंग की प्लापस्टिक जरकीन में भरा 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए, पांच सौ लीटर क्षमता वाली नीले रंग के 03 नग खाली ड्रम कीमत 1500 रुपए, ढाई सौ लीटर क्षमता वाला खाली ड्रम 01 नग कीमत 250 रुपए, गिलट का बड़ा गंज 2 नग कीमत 1600 रुपए, गैस चूल्हा एवं गैस टंकी 02 नग कीमत 3000 रुपए कुल सामान कीमत 9350 रुपए को जब्त किया गया।

# हस्तनिर्मित राखियों से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं मैनपुर की महिलाएं

## अधान, रेशम, मोती और उम्मीदों से बुनीं राखियां बना आजीविका का जरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर/गरियाबंद



रक्षाबंधन का पर्व इस बार मैनपुर की महिलाओं के लिए केवल एक पारिवारिक त्यौहार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गया है। जिले के मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर संकुल की स्व-सहायता समूह की महिलाएं इस पर्व को आजीविका से जोड़कर नया उदाहरण पेश कर रही हैं। इन स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा रेशम के धागे, धान, चावल, मूंग, मोती और अन्य सजावटी सामग्रियों का उपयोग कर पर्यावरण-सुरक्षित, आकर्षक और पूरी तरह हस्तनिर्मित राखियाँ तैयार की जा रही हैं। यह पहल ना सिर्फ पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त भी बना रही है। रक्षाबंधन के अवसर पर इन राखियों की स्थानीय बाजारों में जबरदस्त मांग देखने को मिल रही ⏭ शेष पेज 11 पर



# खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत का काम शुरू

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा



अंचल की सड़के हो गई थी खस्ताहाल आए दिन हो रही थी बड़ी दुर्घटनाएं स्कूली बच्चों से लेकर यात्रियों को दिक्कतों का करना पड़ता था सामना चार पहिया वाहन हो या दो पहिया वाहन उछल-उछलकर चलने को थी मजबूर सैकड़ो घटनाएं को मार्ग ने दे चुका था अंजाम हताश ग्रामीणों ने जब इसकी सुचना हरिभूमि संवाददाता को दी इसके बाद 6 जुलाई को हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशन किया था,, बता दे की लोहरसी से भेंडरी, कौनद्केरा से तरीघाट, सहसपुर से धुरसा, कोपरा से देवरी जैसे प्रमुख मार्ग की हालत काफी गंभीर और जर्जर हो चुकी थी आवागमन आए दिन खराब सड़क के चलते अवरुद्ध हो जाता था स्कूली बच्चों को शिक्षा के मंदिर तक जाने में कई कठिनाई और मुसीबत का सामना करना पड़ता था बारिश की दिनों में हालात बत से बत्तर हो जाती थी, इस प्रकार के भीषण मुद्दे को हरिभूमि ने प्रकाशन किया इसके बाद 31 जुलाई को लोक निर्माण विभाग राजिम के द्वारा कार्य शुरू किया गया है जर्जर सड़कों पर बजरी गिट्टी डालकर सड़को का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है मरम्मत कार्य हो जाने से कुछ हद तक ग्रामीणों और राहगीरों तथा स्कूली बच्चों को राहत मिलेगी परंतु जैसे ही बारिश खत्म होती है इन मार्गों को डामरीकरण करना अति आवश्यक हो जाता है। ताकि आने वाले समय में इस प्रकार की समस्या न हो, क्षेत्र के लोगों ने हरिभूमि और लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त किया... क्योंकि बारिश का समय है और ऐसे में बारिश का पानी सड़को में जाम हो जाना बड़ी मुसीबत बन गया था जो अब बजरी गिट्टी डालने से आवागमन सुचारू रूप से होगा।


बारिश के बाद गांव की सड़कों पर उभरे गड्ढे, बिखरी गिट्टियां
करोड़ों खर्च पर कोपरा अंचल की सड़कें खस्ताहाल, आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

## महादेव की पूजा, भजन, कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

# सावन के चौथे सोमवार को राजिम में सहस्त्रजलधाराभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सावन के चौथे सोमवार को शहर के सुप्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ मंदिर में भोलेनाथ का सहस्त्रजलधाराभिषेक का बड़ा कार्यक्रम सुबह 8 बजे से होने जा रहा है जिसमें पूरे शहरवासी जुटेंगे। इस अवसर पर पंडितो के मंत्रोच्चारण के बीच बहुत ही धूमधाम के साथ महादेव की पूजा-अर्चना, भजन, कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर समूचे शहर में उत्साह और उमंग का वातावरण बना हुआ है। पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से लेकर महादेव के मंदिर तक सजावट की जाने की तैयारी है। लाऊडस स्पीकर बांधे जाएंगे। तैयारी में श्री राजीव लोचन कुलेश्वर नाथ बोल बम कांवरिया संघ तन्मयता के साथ जुटे हुए है। बता दें कि आयोजन का यह 25वां वर्ष होगा।



### विधायक रोहित होंगे शामिल

श्री राजीव लोचन कुलेश्वर नाथ बोल बम कांवरिया संघ के अध्यक्ष सागर सोनकर, सचिव लाला साहू ,कोषाध्यक्ष सुनील देवांगन एवं पार्षद अजय पटेल ने भोलेनाथ के इस भव्य सहस्त्रजलधाराभिषेक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजिम विधायक रोहित साहू को आमत्रित किए तथा गरियाबंद जिला मुख्यालय पहुंचकर कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं एनडीआरएफ टीम की तैनाती को लेकर जिला के कलेक्टर बी एस उइके,एसपी के नाम से एडिशनल एसपी श्री चंद्राकर एवं एसडीएम राजिम, तहसीलदार राजिम तथा थाना प्रभारी राजिम व सीएमओ को आवश्यक तैयारी हेतु ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने संघ के पदाधिकारियो के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।



इस भव्य आयोजन में बहुत बड़ी संख्या में मातृशक्तियां एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। शहर ⏭ शेष पेज 11 पर

# रेस्ट हाउस में हुई कांग्रेस की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

गुरुवार को रेस्ट हाउस में कांग्रेस की बैठक हुई जिसमें नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर, विकास तिवारी, रामकुमार गोस्वामी, प्रहलाद गंधर्व, डीके ठाकुर, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू ध्रुव, कमली साहू, अशोक श्रीवास्तव, लालचंद मेघवानी, चोवाराम साहू, कालूराम ध्रुव मौजूद थे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रभारी समद खान ने कहा कि कांग्रेस को हम सब मिलकर मजबूत करेंगे। बैठक में मंडल प्रभारी कमलेश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू विशेष रूप से मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक सर्वसम्मति से पदाधिकारियो का चयन कर अनुमोदन के लिए हाई कमान को सूची भेजा गया है।

## खबर संक्षेप



### महादेवाधाम में किया गया पौधारोपण

**पचेड़ा।** एकल अभियान अंचल महासमुंद, संच कोमाखान व बागबाहरा की मासिक बैठक हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के पश्चात महादेवा धाम में पौधरोपण किया गया। जिसमें सालिक राम साहू ( अभियान प्रमुख अंचल महासमुंद), मदन लाल साहू संच प्रमुख कोमाखान, राधेश्याम दीवान संच प्रमुख भुरकोनी, दयालाल मरई संच प्रमुख कोमाखान तथा सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।
समाचार, पीआरओ

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 5 को

**महासमुंद।** गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी एक्ट) लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 की धारा (17) अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 05 अगस्त 2025 को शाम 04 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई. नागेश्वर राव ने समिति के सदस्यों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### युवाओं के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण

**महासमुंद।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवक एवं युवतियों के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। निदेशक बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि यह दस दिवसीय प्रशिक्षण में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए इच्छुक हितग्राही 01 अगस्त तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड की दो-दो छायाप्रति, अंकसूची (न्यूनतम 8वीं उत्तीर्ण) की एक छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज 5 फोटो शामिल है। पंजीयन के लिए बड़ौदा आरसेटी पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास बरोंडाबाजार में स्वयं उपस्थित संपर्क कर सकते हैं।

### खट्टी में 16 को मनाई जाएगी जन्माष्टमी

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में स्थित सत्यनारायण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। संध्या में रामायण जय गणेश मानस मंडली खट्टी कचरू पटेल, डोगन निषाद एवं मानसरोवर मानस परिवार खट्टी गोवर्धन यादव भोज राम का कार्यकम होगा। रात्रि 12 बजे प्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर के पुजारी पं. सुभाष शर्मा, पं. ओंकार प्रसाद शर्मा, पं. करण तिवारी, अर्जुन तिवारी, मोती लाल तिवारी, खुशबू उपाध्याय एवं खुशी उपाध्याय ने दी है।

### गंधेश्वर नाथ का सहस्त्रधारा अभिषेक आज

**महासमुंद।** सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव का 1 अगस्त को सुबह 11 बजे से सहस्त्रधारा अभिषेक किया जाएगा। मंदिर, ट्रस्ट समिति, बोलबम सेवा समिति तथा सिरपुर सहित आसपास के ग्रामीणों के तत्वावधान में आयोजित महाभिषेक में नदी से मंदिर तक मानव श्रृंखला बनाकर जल लाया जाएगा। इसके अलावा ढाई सौ लीटर दूध, दही, शहद, गंगाजल से गंधेश्वर नाथ का अभिषेक 1008 छिद्र वाले पात्र से किया जाएगा। जिसमें मंदिर के वरिष्ठ पुजारियों की टोली द्वारा विधि विधान से पूजा संपन्न कराया जाएगा।

# आओ सखी सावन कार्यक्रमः हरी-पीली और गुलाबी परिधान में नजर आईं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सावन माह में आओ सखी कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय टाउन हाल में किया गया। आयोजन के दौरान महिलाएं हरी-पीली व गुलाबी परिधान में नजर आईं। मुख्य अतिथि महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, अध्यक्षता सीता मनोजकांत साहू, विशेष अतिथि में विभिन्न समाज की अध्यक्षगण, महिला बैंक सदस्यगण, अपराजिता क्लब एवं जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, डॉ. रश्मि चंद्राकर, सती साहू, शुभ्रा शर्मा मौजूद रही।

सर्वप्रथम आयोजकगण-साधना ठाकुर नैनी, निरंजना चंद्राकर, तारा चंद्राकर, ऐश्वर्या तिवारी, ममता जायसवाल, कुमुद दुबे, चंद्रकला, शकुन, निर्मला चंद्राकर ने स्वागत नृत्य छत्तरी के साथ किया तथा स्वागत कड़ी में सभी अतिथियों का मोती की माला पहना कर मंचासीन किया। अभिवादन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। साहू समाज, महंती समाज, चंद्राकर समाज, देवांगन समाज, महाराष्ट्रीयन तेली समाज, मौहारी भाठा रामायण मंडली, नामदेव समाज, ब्राम्हण समाज से एकल नृत्य व ग्रुप नृत्य प्रस्तुत किए। द्रोपती, रमा चंद्राकर द्वारा शिव-भजन से समापन हुआ। महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया ने कहा-आओ सखी सावन में कार्यक्रम में सभी महिलाएं देवी के सभी रूप में नजर आ रही हैं, इस उमंग, उल्लास, उत्साह कार्यक्रम देखकर, आज मैं भी पूरा समय इसी कार्यक्रम को दी हूँ। प्रतियोगिता में एकल नृत्य में प्रथम रूपम शर्मा, द्वितीय अन्नया महंती, ग्रुप नृत्य में प्रथम महंती समाज, द्वितीय चंद्राकर, गाड़ी स्टेशन में रूकी गेम प्रथम, प्रतिभा गिरी, द्वितीय संध्या। कार्यक्रम में सती मनोज साहू पराजिता क्लब, अरुणा शुक्ला, डॉ. ज्योति चोपड़ा, लता चंद्राकर का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन साधना ठाकुर नैनी, आभार तारा चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में संध्या शर्मा, हेमलता साव, इंद्रा महंती, निरंजना शर्मा, शशि चंद्राकर, अन्नू चंद्राकर, मीना गुप्ता, कुसमा चंद्राकर, संजना नामदेव, सविता चंद्राकर, मेघा नासरे, बसुंधरा पोपट आदि मौजूद रहीं।





जागरूक : एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान

# विखं स्काउट-गाइड संघ बसना ने बनाकर भेजी 480 राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान के तहत विकासखंड स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना के विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बीआरसीसी बद्रीविशाल जोल्हे, अध्यक्ष शीत गुप्ता एवं उपाध्यक्ष गण राजेश वाधवा, मोहित पटेल, कामेश बंजारा, मंजीत कौर, डॉ. अरुणा अग्रवाल, लोचना गिरीश गजेंद्र एवं विकासखंड सचिव डॉ. विवेकानंद दास, गिरीश पाढ़ी, डॉ. पूर्णानंद मिश्रा के दिशानिर्देश तथा विकासखंड के समस्त प्राचार्य गण एवं स्काउटर- गाइडर के पूर्ण सहयोग से विकासखंड स्काउट गाइड संघ बसना ने अपने-अपने विद्यालय के स्काउट्स एवं गाइड्स के द्वारा अपने हाथों से कुल 480 राखियां जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त (स्काउट) विजय कुमार लहरे, जिला संगठन आयुक्त (स्का.) अवधेश विश्वकर्मा, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) लीनू चंद्राकर तथा जिला सचिव प्रमोद कन्नौजे को विकासखंड स्काउटर वारिश कुमार द्वारा जिला स्काउट्स एवं गाइड्स प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद में सौंपा गया।

इस महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण कार्य को संपन्न करने के लिए विशेषकर प्राचार्यगण एनके पंडा, प्रेमानंद भोई, चक्रधर पटेल, बिजय दास, प्रदीप कुमार चौधरी, चक्रधर चौधरी, टिकेश्वर पटेल, स्काउटर कृष्ण कुमार नायक, रेखराम पटेल, टेकलाल पटेल, दिनेश बंधु, रोहित शर्मा, सुशांत प्रधान, अरुण कुमार तांडी एवं गाइडर कुसुम कोटक, ईश्वरी पोर्रे, रमाकांति दास, अन्नपूर्णा बुडेक, आशा गुप्ता, अहिल्या नायक, कविता पटेल, वागेश्वरी धृतलहरे, राधा देवांगन, उमावती अग्रवाल, प्रियंका देवता, श्वेता वैष्णव, मिली का योगदान रहा।

# बहुदिव्यांग विशेष अवासीय विद्यालय का निरीक्षण, सुविधाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- खानपान, मनोरंजन तथा स्वास्थ्य सहित दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव आफरीन बानो ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बहुदिव्यांग विशेष विद्यालय तथा आशा मनोविकास केंद्र का निरीक्षण किया। प्रबंध कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानो ने बागबाहरा रोड संजय कानन के पास शासकीय बहुदिव्यांग विशेष अवासीय विद्यालय तथा नयापारा स्थित शांति मैत्री विकास संस्थान द्वारा संचालित आशा मनोविकास केंद्र (घरौदा) पहुंचकर उपस्थित दिव्यांग बच्चों के हालचाल जाना तथा शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही दिव्यांग बच्चों को दी जा रही मूलभुत सुविधाओं से भी अवगत हुए। यहां भोजन गुणवत्ता, पानी, बिजली, स्वच्छता अथवा मनोरंजन के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी विस्तापूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने शांति मैत्री विकास संस्थान द्वारा संचालित आशा मनोविकास केंद्र (घरौदा) में उपस्थित दिव्यांगजनों से मुलाकात कर क्रीड़ा, मनोरंजन के साधन तथा सुविधाओं का भी जायजा लिया। दिव्यांग बच्चों का रहन-सहन, साफ-सफाई, भोजन एवं स्वस्थ्य तथा चिकित्सा सुविधाओं से संबंधी चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान सचिव आफरीन बानो द्वारा विशेष रूप से शासकीय बहुदिव्यांग अवासीय विद्यालय तथा घरौंदा में कार्यरत कर्मचारियों को दिव्यांग बच्चों को उचित संरक्षण व भावुकतापूर्ण देखभाल करने के निर्देश दिए।





### कचना ध्रुवा मंदिर में विधायक ने की पूजा

**नवापारा-राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू गरियाबंद प्रवास के दौरान रास्ते में पड़ने वाले कचना ध्रुवा मंदिर में रूककर अपने धर्मपत्नी के साथ पूजा अर्चना कर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए खुशहाली,सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। इस दौरान उनके साथ नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, भाजपा नेता संजय साहू, रायपुर जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी, प्रेम साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, धनमती साहू, दुकालु चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक शामिल थे।

### जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

केंद्रीय नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिले में जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन 1 अगस्त 2025 को जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में किया जाएगा। जिला पंचायत परिसर में महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों और सामग्रियों को प्रदर्शित किया जाएगा। समारोह में सांसद, विधायकगण, जिला एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों सहित शासन प्रशासन के अधिकारी भी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर जिले की सक्रिय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय के लिए आकांक्षा हाट का आयोजन भी किया जा रहा है, जो एक सप्ताह तक चलेगा। इस हाट में स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, फूड प्रोडक्ट, सजावटी वस्तुएं और विभिन्न पारंपरिक सामग्रियां बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी। आकांक्षा हाट के माध्यम से 29 स्टाल लगेंगे, जो एक सप्ताह तक चलेगा। इससे स्थानीय महिला समूहों को आर्थिक प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि आमजन को जिले की सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होगा।

# विषयों का सही चयन ही भविष्य की दिशा निर्धारित करती हैः अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम कॉलेज स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ के समस्त महाविद्यालय में लागू एनईपी 2020 एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सुझाव गए दिशा निर्देशों के तहत नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। पुष्प व तिलक वंदन के साथ सभी छात्र-छात्राओं ने अपने कक्ष में प्रवेश किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रमुख, प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। जिसमें उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी और विषय के चयन में गंभीर होने की बात कही। क्योंकि, विषय का सही चुनाव ही भविष्य की दिशा निर्धारित करती है। तत्पश्चात महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के द्वारा अपने-अपने विषय पर संक्षिप्त जानकारी दी गई। ताकि, छात्र-छात्राओं को मुख्य विषयों के अतिरिक्त एनईपी गाइडलाइन के अनुसार जनरल इलेक्टिव और वैल्यू एडेड कोर्सेज के चयन में आसानी हो।



कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर ने किया। इस दौरान रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, तरुण कुमार बांधे सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस मैथ्यू समाजशास्त्र, हरिशंकर नाथ राजनीति विज्ञान, मुकेश सिन्हा कंप्यूटर एप्लीकेशन, माधुरी दीवान वाणिज्य, आलोक हिरवानी कंप्यूटर साइंस, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, संजय कुमार अंग्रेजी, खुशबू सिन्हा ग्रंथपाल, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सड़क पर घूमते पशुओं को लेकर पालिका सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका ने सड़कों पर घूमते आवारा पशुओं की समस्याओं से निपटने के लिए सख्त कदम उठाते हुए बुधवार को नगर पालिका के सभी वार्डों में मुनादी कर पशु मालिकों को चेतावनी दी है कि वे अपने गाय, बैल एंव अन्य जानवरों खुले में ना छोड़े। यदि पशुओं को नहीं बांधा गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। और खुले में छोड़े गये पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा जाएगा। साथ ही जिन पशुओं की पहचान की जाएगी उनके मालिकों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। और उन्हें नोटिस भी भेजा जाएगा।

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने बताया कि गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। पशु खुले मिले तो कठोर कदम उठाए जाएंगे। मुनादी के माध्यम से चेतावनी पहले दी जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया है कि बार–बार समझाइश के बाद भी कुछ ग्रामीण एवं शहरी पशुपालक जान बूझकर अपने पशुओं को छोड़ देते हैं। जिससे ये पशु नगर के मुख्य मार्ग, बाजार, आदि में घूमते नजर आते हैं। जिसके कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। मुनादी के माध्यम से पशु पालको को चेतावनी दी जा रही है। देखा गया है खुले में घुमने वाले अधिकतर पशुओं पर टेग लगा होता है। ऐसे पशुओं को चिन्हित कर पशुपालन विभाग द्वारा वेरिफिकेशन पश्चात कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## जिला साहू संघ के अध्यक्ष ने किया पौधारोपण...



**राजिम।** गरियाबंद जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू ने अपने गृहग्राम राजिम के रांवड़ में पौधारोपण कर हरियाली का संदेश देते हुए समाज एवं गांव के लोगो से कहा कि वे इस बारिशकाल में अधिक से अधिक पौधा रोपे।

# सहा. उपनिरीक्षक भूखन को पुलिस परिवार ने दी विदाई



**गरियाबंद।** गरियाबंद पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवा देने वाले सहायक उपनिरीक्षक भूखन लाल कुर्रे को आज गरियाबंद पुलिस परिवार द्वारा ससम्मान विदाई दी गई। सेवानिवृत्ति के इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक गरिमा दादर, उप पुलिस अधीक्षक गोपाल वैश्य, रक्षित निरीक्षक सनत कुमार ठाकुर सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे। समारोह में गरियाबंद पुलिस परिवार की ओर से सउनि भूखन लाल कुर्रे को साल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके योगदान को सराहा गया। ग्राम भटगांव, थाना बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के निवासी हैं। उन्होंने वर्ष 1984 में रायपुर जिले में पुलिस आरक्षक के पद पर सेवा की शुरुआत की थी। वर्ष 2006 में प्र. आरक्षक और वर्ष 2013 में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होकर उन्होंने गरियाबंद जिले के विभिन्न थानों एवं पुलिस लाइन में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने वर्ष 2010 से 2025 तक गरियाबंद जिले में कार्य करते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी से अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उनके सेवा भाव और समर्पण के लिए गरियाबंद पुलिस परिवार ने आभार प्रकट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

# ब्राह्मण समाज की बैठक में युवाओं को गलत आदतों से दूर रहने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

छत्तीसगढ़ उत्कल ब्राह्मण समाज के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक छत्तीसगढ़ उत्कल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्र रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा की अध्यक्षता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही की विशेष उपस्थिति में हुई। विधायक मिश्रा के आगमन पर विप्रजनों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से पदाधिकारीगण एवं सैकड़ों की संख्या में उत्कल बंधु उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा जगन्नाथ भगवान एवं भगवान परशुराम की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि समाज में पुरातन काल से चल रहे सांस्कृतिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि पर गहन चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने अपने सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा उसने वाले नई पीढ़ी को उन्हें हस्तांतरित करने के लिए कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में चल रहे कुछ असमानताओं अथवा रिवाजों परंपराओं, जिससे समाज का अहित हो रहा हो, उसमें सर्वमान्य हितकारी परिवर्तन की आवश्यकता भी है। मिश्रा ने इसके लिए मंच से प्रदेश स्तरीय 11 सदस्यीय विधान मंडल के गठन की घोषणा की, जो समाज के विभिन्न रीति-नीति का पुनर्निर्धारण का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने दीपावली के पश्चात रायपुर में समाज के एक विराट सम्मेलन के आयोजन की घोषणा की। मिश्रा ने समाज के युवाओं को गलत आदतों से दूर रहने, नियमित वेद पाठ करने एवं समाज के उत्थान में सदैव योगदान देने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष पाणिग्राही ने उत्कल ब्राहमण समाज के इतिहास को बताते हुए कहा कि इस युग में संगठन का बहुत महत्व है, सभी लोग संगठित होकर अपनी बातों को रखे और समाज के लिए अपना योगदान देकर आगे बढ़ाएं। पाणिग्राही ने ब्राहमण जाति के गौरवमयी इतिहास से कुछ प्रेरक संदेश भी समाज को संप्रेषित किया।

बैठक में प्रदेश के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्षगण महासमुंद नित्यानंद मिश्रा, रामपुर लक्ष्मण सतपथी, रायगढ़ अरुण पंडा, बिलासपुर प्रफुल्ल मित्रा, दुर्ग वीरेंद्र सतपथी सहित प्रदेश पदाधिकारीगण गुणनिधि सतपथी, तरुण दास, चैतन्य सतपथी, भागीरथी पंडा, दुर्गाप्रसाद मिश्रा, मनोज सतपथी, दयानंद पंडा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरायपाली अध्यक्ष प्रकाश मिश्र, रविंद्र पंडा, सुरेश पाणिग्राही, सुनील पाणिग्राही, राकेश महापार, प्रवीण सतपथी, डॉ बीरेंद्र कर, सेवा शंकर पाणिग्राही, नंद किशोर रथ, अभिमन्यु पड़ेगी, प्रतिमा पाड़ी, सीरेंद्री षड़गी, निरुपमा देवता, बंदना सतपथी, रेखा पुरोहित सहित अन्य विप्रजनों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव सत्यदेव शर्मा एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ पूणानंद मिश्रा ने किया।

## खबर संक्षेप



### सिविक एक्शन कार्यक्रम में ग्रामीणों को रेडियो व जरूरत की सामाग्री वितरित

**मैनपुर।** पुलिस और जनता के बीच मैत्री संबंध स्थापित करने के साथ ही क्षेत्र में नक्सली समस्या के हल के लिए ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए समय-समय पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र के जरूरमंदो को जरूरत की सामाग्री का वितरण भी किया जाता है। आज गुरूवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर से 40 किमी दूर ग्राम इंदागांव स्कूल परिशर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 211वीं बटालियन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आलोक अवस्थी के नेतृत्व में कंपनी कमांडर गोपाल चंद्रापाल की अध्यक्षता में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जरूरत की सामाग्री के साथ ही 60 ग्रामीणों को रेडियो का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों का स्वास्थ्य परिक्षण के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये और ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार विजयवार, केसरी सिंह ध्रुव, लेखसिंह मरकाम, गुरूवारी बाई, कंपनी के उपनिरीक्षण शिवम तिवारी, अभिशेक, सहायक निरीक्षक देवेन्द्र तथा बड़ी संख्या में कंपनी के अन्य जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत पुलिस और जनता के बीच मैत्री संबंध स्थापित कर लोगो को राहत पहुंचाना है।

### सीएम निवास में भाजपा सदस्यता अभियान के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं का होगा सम्मान





**कोपरा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष सदस्यता अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री निवास, रायपुर में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से ऐसे कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है जिन्होंने सदस्यता अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। गरियाबंद ज़िले से भाजयुमो के जिला महामंत्री द्वय दीपक साहू एवं थान सिंह निषाद को इस गरिमामय अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। दोनों नेताओं ने मिलकर सदस्यता अभियान के दौरान 1111 से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने का कार्य किया, जो जिले के लिए गर्व की बात है। यह आयोजन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, मुख्यमंत्री तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। इससे न केवल कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि संगठन की नींव और भी सशक्त होगी। इस अवसर पर महामंत्री द्वय ने कहा की हम संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि युवा वर्ग अधिक संख्या में भाजपा से जुड़े और देशहित में कार्य करें।

## तरक्की : ग्राम खरहरी बना क्लीन एंड ग्रीन विलेज

# महात्मा गांधी नरेगा और स्वच्छ भारत मिशन से बदली रही गांव की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगभग 18 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत खरहरी के ग्रामीणों के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं स्वच्छ भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन से एक नई पहचान बनाई है। इस गाँव के ग्रामीणों ने स्वच्छता और सामुदायिक भागीदारी के प्रयास के कारण अन्य गांवों के लिए उदाहरण बन चुका है। यहां की स्वच्छाग्रही महिलाओं के समूह ने गांव की सफाई और कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालकर न सिर्फ पर्यावरण की सुरक्षा की दिशा में काम किया है, बल्कि आजीविका के नए साधन भी विकसित किए हैं। गांव में सेग्रीगेशन शेड का निर्माण मनरेगा के अंतर्गत हुआ, जहां सूखा कचरा (लोहा, प्लास्टिक, पेपर, कॉर्टून आदि) छांटकर कबाड़ी को बेचा जाता है, और गीले कचरे से जैविक खाद तैयार की जाती है, जिसका उपयोग पौधरोपण में होता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस गांव में जॉब कार्डधारियों की संख्या 340 है, जिसमें श्रमिकों की संख्या 714 है। इनके द्वारा गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना एवं गांव गली, मोहल्लों को साफ व स्वच्छ रखने के लिए सहयोग किया जा रहा है। प्रत्येक घर से सप्ताह में दो बार ट्रायसिकल के माध्यम से कचरा संग्रहण, मासिक स्वच्छता शुल्क 10 रूपये तथा ग्राम पंचायत से 6 हजार रूपये के सहयोग राशि इस पूरी व्यवस्था को निरंतर बनाए रखा है। गांव के सरपंच जगदीश राम और ग्रामीण नंदनी साहू ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाओं के प्रयास से गांव में बदलाव आया है। अब लोग स्वच्छता को गंभीरता से लेने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खरहरी में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत गांव की स्वच्छाग्रही समूह की महिलाओं द्वारा विगत 01 वर्ष से गांव में फैले हुए कुड़ा कचरा, नालियों की गंदगी को देखकर अपने गांव की साफ-सफाई करने की योजना बनाई गई। पंचायत के माध्यम से गांव में सेग्रीगेशन शेड़ बनाने के लिए एवं उससे होने वाले लाभों को ग्राम सभा में ग्रामीणों के द्वारा जानकारी दी गई। जिसे ग्राम सभा में उपस्थित नागरिकों ने सहमति प्रदान की। मनरेगा के माध्यम से सेग्रीगेशन शेड़ की स्वीकृति के पश्चात कार्य को समय-सीमा में पूर्ण किया गया।

### स्वच्छता के प्रति लोगों में आया जागरूकता

इसके पश्चात ग्राम पंचायत में स्वच्छाग्रही समूह की महिलाओं द्वारा किये गये कार्य से गांव में फैले प्लास्टिक कचरा तथा गांव की गलियों में गंदगी कम हुई है, जिससे ग्राम खरहरी क्लीन एण्ड ग्रीन विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है तथा गांव में स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता आया है। गांव में नियमित साफ-सफाई हो रही है। स्वच्छाग्रही समूह द्वारा घर-घर से संग्रहण किये गये कचरा को अलग कर शेड़ में संधारित कर छंटनी कर सुखा कचरा यथा-लोहा, प्लास्टिक, पेपर, कॉर्टून इत्यादि को कबाडी में बेंच कर अतिरिक्त आमदनी कमा रहें है। गीला कचरा साग सब्जियों के डंटल, पेड़ पौधों के पत्तियों को सेग्रीगेशन शेड़ के समीप बने नाडेप में संग्रहित कर खाद के रूप में तैयार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छाग्रही समूह को मासिक सहयोग राशि दिया जाता है, साथ ही स्वच्छता कीट के रूप में मास्क, ग्लब्स, एप्रान, बुट, कैप, हैण्डवास, डस्टबीन, धमेला, फावड़ा दिया गया है। स्वच्छाग्रही समूह द्वारा घर-घर से संग्रहण किये गये कचरा को पृथक्करण शेड़ में संधारित कर छंटनी कर सुखा कचरा यथा-लोहा, प्लास्टिक, पेपर, कॉर्टून इत्यादि को कबाड़ी में बेंच कर अतिरिक्त आमदनी कमा रहे है। स्वच्छाग्रही समूह की महिलाओं द्वारा किये गये कार्य से गांव की गलियों में गंदगी कम हुई है, जिससे ग्राम खरहरी क्लीन एण्ड ग्रीन विलेज के रूप में विकसित हो रही है तथा गांव में स्वच्छता के प्रति लोगो में जागरूकता आया है।




# विधायक ध्रुव ने सिकासार क्षेत्र में किया जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव गुरूवार को सिकासार क्षेत्र के ग्रामो का दौरे में पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया और विधायक ने ग्रामीणों से उनका हालचाल जाना। ग्रामीणों ने बताया कि धवलपुर और सिकासार सड़क की स्थिति बेहद खराब होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है कई बार लोग इस सड़क में दुर्घटना के शिकार हो रहे है लगातार सड़क मरम्मत की मांग किया जा रहा है लेकिन इस गंभीर समस्या की तरफ संबंधित विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं कई ग्रामों के ग्रामीणों ने गांव में सीसी रोड़ निर्माण के साथ ही नलजल योजना को प्रारंभ करवाने की मांग किया। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने सिकासार जलाशय क्षेत्र का भी निरीक्षण किया जहां दूर-दूर से पहुंचे पर्यटकों ने विधायक से मूलाकात किया और सिकासार जलाशय में पर्यटकों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया है। पर्यटकों ने कहा की यहां हर वर्ष हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं लेकिन अभी तक पर्यटकों के लिए पर्यटन मंडल व शासन द्वारा कोई इंतिजाम नहीं किया गया है। पर्यटकों को खाना बनाने में भारी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। बारिश हो जाने पर पर्यटक परेशान हो जाते है। पर्यटकों की सुविधाओं को देखते हुए यहां विश्राम गृह निर्माण के साथ अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित मिरी, केशु सिन्हा, चित्रंश ध्रुव, अमृत पटेल, कौशिल्या बाई, कलेन्द्री, खिलेश्वरी, खिरोबाई, नीलेबाई, मुकेश कुमार, मेहतरीन बाई, परसुराम, खिरेन्द्र, चवनलाल, अरूण कुमार, चिमनलाल नेताम, भागवत साहू, भुपेन्द्र ठाकुर, जालम सिंह, मनोहर, जगमोहन ठाकुर, बुलउ ध्रुव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## लोमस ऋषि आश्रम में पूर्णिमा तक महायज्ञ





**नवापारा-राजिम।** श्री लोमस ऋषि आश्रम में ऋषि परम्परा के अनुरूप सावन पूर्णिमा तक चल रहे महायज्ञ में रोज पार्थिव शिवलिंग निर्माण अभिषेक किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में पन्नालाल वशिष्ट सहित भक्तजन शामिल हो रहे है।

# 22 किसानों को वितरित किया गया अरहर के बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला में गुरुवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के तहत अचल के 22 किसानों को अरहर मिनी किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, बिग्रेद्र ठाकुर, भावसिह मरकाम, उपसरपंच धनसाय ध्रुव, ठाकुर राम यादव, जनक राम ध्रुव सहित किसान मौजूद थे। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने सभी कृषकों को तकनीकी जानकारी भी दी गई, ताकि वे उचित तकनीकी के साथ खेती कर सकें। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य क्षेत्र में दलहन तिलहन की उत्पादकता और क्षेत्रफल में वृद्धि करना है। अंचल में दलहन तिलहन के लिए अत्यंत उपयुक्त है और यहां के किसान परंपरागत रूप से दलहन की खेती में सक्रिय रूप से संलग्न है। ऐसे में इस पहल से किसानों को तकनीकी सहयोग व बेहतर बीज सामग्री मिलने से उत्पादक क्षमता में निश्चित ही वृद्धि होगी। इस मौके पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि जिला प्रशासन व कृषि विभाग की ओर से किसानों को समय समय पर योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में सतत कृषि विकास को गति मिल सकें। इसी कड़ी में सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा की अरहर बीज वितरण का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत एवं आधुनिक किस्म के दलहन बीज उपलब्ध कराना है। जिससे खेती की उत्पादकता में काफी वृद्धि हो और किसानों की आय दोगुनी हो, जिससे क्षेत्रीय कृषि को मजबूती मिले। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने किसानों को अरहर की खेती से जुड़ी तकनीकों एवं इसके लाभों के बारे में कहा अरहर दाल में प्रोटीन और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।



### फसलों के बीमा के लिए किया प्रोत्साहित

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने अरहर बीज को बोने से पहले एफआईआर विधि बताते हुए कहा की फफूदनाशक प्रति किलोग्राम बीज में 2-3 ग्राम कार्बेन्डाजिम मिलाकर उपचार करें, कीटनाशक 2-5 मिली लीटर क्लोरोपायरीफास प्रति किलोग्राम बीज में मिलाकर कीट नियंत्रण के लिए उपचार करें। इसके बाद बीज की बुआई पौधा से पौधा की दूरी 20-25 सेमी और कतार से कतार की दूरी 60-65 सेमी रखते हुए सीधी लाइन में की जाती है। क्षेत्र के 22 किसानों को प्रति किसान 4 किलोग्राम के हिसाब से बीज का वितरण किया गया। इस दौरान सभी किसानों को फसल बीमा योजना अंतर्गत खेती में जोखिम में बचाव के लिए फसलों के बीमा के लिए प्रोत्साहित किया गया। फसल बीमा का अंतिम तिथि 31 जुलाई तक था। इस मौके पर कृषक जानसिग, ओमप्रकाश यादव, बंशीलाल ध्रुव, लोकराम, चमन यादव, ओंकार ठाकुर, हेमकुमार, बलराम, मूलचंद सोरी, बद्धुराम ठाकुर सहित कृषि मित्र अशवत सेन, इमलेश ध्रुव, पुनीत ध्रुव उपस्थित थे।

# जिले में विनोबा शिक्षण उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सिर्फ शिक्षा उपलब्ध कराना ही काफी नहीं है, बच्चों में ज्ञान को आत्मसात करने और जीवन व पढ़ाई की समस्याओं से जूझने की क्षमता भी विकसित होनी चाहिए,/" यह विचार गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने विनोबा शिक्षण उत्सव में व्यक्त किए।

ओपन लिंक्स फाउंडेशन और जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के शिक्षा अधिकारी और शिक्षक शामिल हुए। कलेक्टर उइके ने ओपन लिंक्स फाउंडेशन द्वारा शिक्षकों को दी जा रही तकनीकी सहायता और प्रेरणा की सराहना की, जो ज़मीनी बदलाव ला रही है।

इस अवसर पर गरियाबंद जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ल, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चन्द्राकर, ए पी सी मनोज केला, ए पी सी विल्सन थामस, ए डी पी ओ बुद्धविलास सिंग, ओपन लिंक्स फाउंडेशन के विश्वजीत पवार और टीम विनोबा के कई सदस्य उपस्थित रहे। मनोज केला ने गौरव गरियाबंद कार्यक्रम की सफलता साझा की, जबकि विश्वजीत पवार ने टीम विनोबा की वीजन पर प्रकाश डाला। दस उत्कृष्ट शिक्षकों और तीन सी ए सी को सम्मानित किया गया। मॉडल स्कूल असेंबली पर आयोजित पैनल चर्चा का संचालन अमोलकर ने किया, जिसमें ए पी सी दुर्ग विवेक शर्मा, बी आर सी राजनांदगांव भगत सिंह ठाकुर,किसुन मतावले, रामेंद्र जोशी, महेश पटेल,छन्नू सिन्हा, एस के नागे, हरीश देवांगन, विनोद सिन्हा सहित अन्य जिले के साथ गरियाबंद के शिक्षकों ने भाग लिया।

संचार, खेल, और अनुभव साझा करने से भरे इस उत्सव में शिक्षकों और अधिकारियों दोनों ने यह स्पष्ट रूप से माना कि 'शिक्षण उत्सव' में न सिर्फ ज़िले, बल्कि पूरे राज्य और देश की शिक्षा प्रणाली को एक दिशा में लाने की ताकत है।




# कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन गुरूवार को किया गया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन वातावरण से परिचित कराना, उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एनइपी की मूल अवधारणाओं को समझाना था। प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनइपी -2020 का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बहु-विषयक शिक्षा प्रदान करना है, जिससे उनमें रचनात्मकता, नवाचार और रोजगार परक कौशल का विकास हो। बताया कि इस नीति के अंतर्गत अब छात्रों को विषयों के चयन में अधिक स्वतंत्रता मिलेगी और शिक्षा प्रणाली को लचीला, समावेशी और समग्र बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में डॉ. एस.आर. वड्डे, डॉ.प्रेमेन्द्र उपाध्याय, जीतेन्द्र सिन्हा, टिकेश्वर सिंह मरकाम,रमेश लहरे,सरस्वती बेरवंशी, रजिया सुल्ताना, श्वेता मिश्रा, पुरुषोत्तम काबरा, पीयूष कांत भारद्वाज, मोनिका साहू, पुष्पलता कँवर, नंदनी साहू, साक्षी मेश्राम सहित अन्य संकाय सदस्यों ने भी एनईपी के प्रमुख बिंदुओं जैसे एबीसी एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, कौशल आधारित शिक्षा, मूल्यांकन में परिवर्तन आदि पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी।





## पेज 9 के शेष...

### मांगों को लेकर...

कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। स्कूल सफाई कर्मी हड़ताल से,व्यवस्था चरमराई हूई है। अंशकालीन से पूर्णकालीन कलेक्टर दर भुगतान पर अड़े इधर शासन का हड़ताली पर कार्यवाही की तैयारी चल रही है। जिसमें कार्य से पृथक करने की बात कहीं जा रही है। तरूण साहू,चेतन सिन्हा, त्रिलोकी, लीलाराम, आसकरन दिवान, ओंकार ध्रुव, खुमान राम पटेल, पीलेसवर सिन्हा ,डायमंड साहू, अंकित प्रसाद साहू, लक्ष्मण यादव, अशोक निषाद, दिनेश निषाद, पुनीत साहू, दिलीप रामसरा वर्मा, पुनेश पटेल, त्रिवेणी शंकर साहू आदि हड़ताली कर्मी ने एक जुटता से कम हम डरेंगे नहीं मांग लेकर रहेंगे।

### चिपरी छिंदभर्री स्कूल...

भी नही जिसके कारण इस विद्यालय के समस्या का समाधान नही हो पा रहा है, ग्रामीण पालक लखनलाल नेताम, धनराज मरकाम, प्रभु नेताम, जगतराम, दिनेश नेताम, परदेशी राम, जैतराम ने बताया कि स्कूल भवन बहुत जर्जर हो गया है इन दिनों पिछले एक सप्ताह से बारिश हो रहा है जिसके कारण भवन के भीतर लगातार पानी टपक रहा है, बच्चों को पढाई करने में भारी परेशानी हो रही है, स्कूल भवन का जल्द मरम्मत किया जाना चाहिए। स्कूल का छत का प्लास्टर टूट –टूटकर गिर रहा है यहां एक अतिरिक्त कमरा का निर्माण किया गया है लेकिन वहां आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है। स्कूल के चारो ओर घने जंगल है और आहता निर्माण नही होने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हमेशा जहरीले जीव जंतु और वन्यप्राणियो का डर बना रहता है।

**नया भवन निर्माण करना जरुरी-** जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा की छिन्दभर्री चिपरी में स्कूल भवन जर्जर हो गया है साथ ही शुक्लाभाठा में भी नया स्कूल भवन निर्माण किया जाना बेहद आवश्यक है। इस ओर संबंधित विभाग को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

### हस्तनिर्मित राखियों...

है। बिक्री का कार्य भी महिलाएं स्वयं कर रही हैं चाहे वह स्थानीय हाट-बाजार हों या समूह द्वारा संचालित दुकानें। इस प्रक्रिया से उन्हें अतिरिक्त आमदनी तो हो ही रही है, साथ ही उनमें रचनात्मकता, आत्मसम्मान और सामूहिकता की भावना भी प्रबल हो रही है। एक ओर जहां राखी भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है, वहीं अब यह मैनपुर की महिलाओं के हुनर, मेहनत और सफलता की कहानी भी कह रही है। इन राखियों की डोर अब आत्मनिर्भरता से जुड़ चुकी है।

### सावन के चौथे...

केसरिया रंग से रंगा हुआ होगा। वृहत्त स्तर पर प्रसादी बांटे जाने की तैयारी चल रही है। पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक, सुभाष चौक, रानी धर्मशाला, श्री राजीव लोचन मंदिर मार्ग इस दौरान खचाखच भरा हुआ नजर आएगा। भीड़ के मद्देनजर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। बता दें कि व्हीआईपी मार्ग के नीचे महानदी की धार से मंदिर परिसर तक श्रद्धालुओं की श्रृंखला बनेगी। हर भक्तों के हाथ में बाल्टी होगा और इसी बाल्टी का ।वित्र जल एक हाथ से सरकते हुए दूसरे हाथो से होकर मंदिर तक पहुंचेगा। इस पवित्र जल से महादेव का सहस्त्रजलधाराभिषेक पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच चलता रहेगा। धर्मशाला के सामने सुभाष चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बड़ा मंच बनेगा। इस मंच में शिवभक्ति का भजन होगा। भजन में लोग जमकर झूमेंगे।

# नारायण प्रसाद के सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम




श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, में तकनीशियन पद पर कार्यरत नारायण प्रसाद सोनी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर गुरूवार को सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री सोनी शासकीय सेवा में 34 वर्षों तक निष्ठा, समर्पण एवं दक्षता के साथ कार्य किया। उनकी सेवा यात्रा 19 जुलाई 1991 को राधाबाई कॉलेज, रायपुर से प्रारंभ हुई थी। वर्ष 2011 में वे श्री कुलेश्वर महाविद्यालय से संबद्ध हुए और तब से लेकर सेवानिवृत्ति तक उन्होंने 14 वर्षों तक इस संस्था की तकनीकी उन्नति में योगदान दिया। उन्होंने महाविद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं के संचालन में तकनीकी विशेषज्ञता, समयबद्धता, स्वच्छता और सतत सक्रियता का परिचय दिया। श्री सोनी विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान, प्रयोगशाला संचालन एवं व्यावहारिक समझ के क्षेत्र में निरंतर मार्गदर्शन करते रहे, जिससे विश्वविद्यालय स्तर पर भी महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयाँ मिली। प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने श्री सोनी के दीर्घकालीन सेवा योगदान की सराहना करते हुए उन्हें शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और उनके उज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की मंगलकामनाएं की। समारोह का संचालन साक्षी मेश्राम द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एसआर वड्डे, प्रमेन्द्र उपाध्याय, सरस्वती बेरवंशी, रजिया सुल्ताना, रमेश लहरे, श्वेता मिश्रा, पुरुषोत्तम काबरा, पीयूष कांत भारद्वाज, मोनिका साहू, पुष्पलता कंवर, नंदनी साहू तथा समस्त कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने श्री सोनी के सरल, सहयोगी और अनुकरणीय स्वभाव को याद किया और उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## खबर संक्षेप

### सानिया यादव का प्रयास विद्यालय में हुआ चयन

**छुरा।** आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम रवेली की छात्रा ने कक्षा 9वी में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया विदित हो कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय



विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025 26 के लिए कक्षा नवी में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल 2025 को किया गया था। इस परीक्षा में नगर के आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुरा की कक्षा आठवीं की छात्राएं कुमारी सानिया यादव पिता स्वर्गीय ईश्वर लाल यादव ने सफलता प्राप्त कर कक्षा 9वी में प्रवेश के लिए शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय बालिका बिलासपुर में स्थान सुरक्षित किया। होनहार छात्रा की सफलता के लिए उनकी मां रीताबाई यादव, बड़े पिता भुनेश्वर यादव, योगेंद्र यादव ,गजेंद्र यादव, तरुण यादव,भोजराज यादव, प्रेम शंकर यादव, हिमांशी यादव, दीनूराम यादव दादा, ग्रामीण जन कल्याण ठाकुर, घणाराम साहू लोकेश साहू ,रूपवराम ध्रुव सरपंच, विमल शर्मा ,राजेंद्र ठाकुर, मीरा ठाकुर ,दौलत ध्रुव, कमल नारायण ध्रुव, प्रधान पाठक निर्भय राम ठाकुर, मुरारी राम देवांगन, शिक्षकगण, शीतल धुव समाजसेवी ने उज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### नवकिरण अकादमी में नई बैच की क्लासेस आज से

**महासमुंद।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में सीजीपीएससी- एसआई व्यापम - शिक्षक भर्ती, आरक्षक भर्ती, पटवारी भर्ती, आरआई, सहायक ग्रेड-3, डाटा एंट्री ऑपरेटर, एसएससी संयुक्त भर्ती परीक्षा, रेलवे ग्रुप-डी आदि प्रतियोगी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए नई क्लासेस 1 अगस्त 2025 से कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। अकादमी के समन्वयक डी. बसंत साव ने बताया है कि नई बैच की क्लासेस 1 अगस्त 2025 से प्रातःकालीन सुबह 07 बजे से 10 बजे तक एवं सायःकालीन में शाम 04 से 07 बजे तक क्लास संचालित होगी।

## निधन

### सुभौतिन देवांगन

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी निवासी सुभौतिन देवांगन का



निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गांव के लोग शामिल हुए। वे पारसमणी, नीलमणि, केशराम, माणसमणी, लोकेश देवांगन की मां थी।

### रामाधार बंजारे

अभनपुर। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवक रामाधार बंजारे ग्राम छछानपैरी निवासी का 31 जुलाई को स्वर्गवास हो गया उनका अंतिम संस्कार गांव के स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया जिसमे अभनपुर क्षेत्र के बड़ी संख्या मे लोग सम्मिलित होकर श्रद्धाजंली अर्पित किया।

## विडंबना : आंगनबाड़ी के अभाव में बच्चों को नहीं मिल रहा पोषण आहार

# कीचड़ भरी सड़क, लालटेन का जीवन रक्शापथरा मूलभूत सुविधाओं से वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोना के आश्रित ग्राम रक्शापथरा अपनी मुलभुत समस्याओं पर आसु बहा रहा है जिसे पोछने वाला कोई नहीं है। यहां आंगनबाड़ी से लेकर पीने के पानी गली में घुटने तक कीचड़ का साम्राज्य, बिजली जैसी अनेक समस्याएं पहाड़ बनकर खड़ा है और इन समस्याओं को हल करने वाले जनप्रतिनिधियो पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यहां के समस्या के समाधान के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आजाद भारत के सात दशक बीत जाने के बाद भी विकास नाम की चिडिया तहसील मुख्यालय से महज 33 किलोमीटर दूर ग्राम रक्शापथरा तक नहीं पहुंच पाई है। यहां निवास करने वाले आदिवासी ग्रामीणों को मुलभूत सुविधाए भी नसीब नहीं हो पा रही है गांव में अब तक पक्की सडक, बिजली, स्वास्थ्य और तो और आंगनबाड़ी तक की सुविधा नहीं है। ग्राम पंचायत गोना के आश्रित ग्राम रक्शापथरा की जनसंख्या लगभग 300 के आसपास है, अब तक इस गांव में पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया जा सका है। उबड- खाबड घुटने तक दलदल पंगडंडी मार्ग के सहारे ग्राम रक्शापथरा पहुंचा जाता है। गोना से लगभग 6 किलोमीटर की दूर पर यह गांव बसा हुआ है ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत पक्की सड़क निर्माण की मांग कई बार कर चुके है लेकिन हर बार आश्वासन के शिवाय ग्रामीणों को कुछ नही मिल पाया।





**कोई सुनवाई नहीं-** ग्राम पंचायत गोना के पूर्व सरपंच सुनील मरकाम ने बताया कि ग्राम रक्शापथरा में आंगनबाड़ी खोला जाना बहुत जरूरी है कई बार मांग कर चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहा है, जिसके कारण यहां के बच्चों को पोषण आहार नहीं मिल पा रहा है। पंचायत द्वारा ग्राम के समस्या के समाधान के लिए कई बार प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है।

### एंबुलेंस नहीं पहुंचने से होती है परेशानी

गांव में उपस्वास्थ्य केन्द्र नहीं है ग्रामीण मैनपुर इंलाज कराने आने मजबुर होते है और तो और पक्की सड़क के अभाव में एंबुलेंस नहीं पहुंच पाता एकदम ज्यादा तबीयत खराब होने की स्थिति में या गर्भवती महिलाओ को कांवर से गोना तक लाना पड़ता है तब कही जाकर वाहन की व्यवस्था हो पाती है। ग्रामीण जोहरलाल, सुरेन्द्र, धनराज, बिरेन्द्र, तिलक राम, घनाराम मरकाम, सुरेश मरकाम, धनेश नेताम ने बताया कि कई बार बिजली, सडक, पेयजल, आंगनबाडी की मांग कर थक चुके है न अब तक कोई ब्लॉक स्तर के अधिकारी गांव के निरीक्षण में पहुचे है और न ही सांसद विधायक जिसके कारण गांव की समस्या हल नही हो रहा है।



### आंबा नहीं होने से बच्चों को पोषण आहार तक नहीं मिल पा रहा

शासन द्वारा हर गांव में आंगनबाड़ी खोलकर कुपोषण दूर करने विशेष अभियान चलाया जा रहा है लेकिन इस ग्राम में आज तक आंगनबाड़ी नहीं खोला गया है। कई बार ग्राम पंचायत से प्रस्ताव भी दिया जा चुका है और तो और ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल महिला बाल विकास विभाग के जिला अफसर से लेकर ब्लॉक तक आवेदन निवेदन कर थक चुके है, लेकिन आंगनाबड़ी खोलना दूर अब तक इसके कोई भी अधिकारी इस गांव के सर्वे तक करने नहीं पहुंचा है जिसके कारण यहा गर्भवती माताओं और नवनिहाल बच्चों को पोषण आहार नहीं मिल पा रहा है।

### गांव में तीन हैंडपंप लेकिन तीनों खराब शिकायत कर थके ग्रामीण

ग्राम रक्शापत्थरा में तीन हेडपम्प है लेकिन तीनों हेडपंप खराब पड़ा हुआ है, कई बार ग्रामीणों ने हेडपंप मरम्मत की मांग कर थक चुके है लेकिन मरम्मत अब तक नहीं किया गया है नलजल योजना टंकी से सही पानी नहीं आ रहा है इस गांव के शासकीय प्राथमिक शाला में 26 बच्चें अध्यनरत है और तो और मिडिल स्कूल नहीं होने के कारण यहां के अधिकांश बच्चे दूरी अधिक होने के कारण पांचवी के बाद पढ़ाई छोड देते हैं गांव में बिजली नहीं लगा है लालटेन युग में जीवन यापन करने मजबूर हो रहे हैं। गांव में क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा प्लांट लगाई गई है लेकिन बैटरी व अन्य उपकरण खराब होने के कारण सही नही जल पाता अधिकांश परिवारो को शासन के महत्वपुर्ण योजना का लाभ नही मिल पा रहा है यह गांव चारो तरफ से पहाडियो से घिरा हुआ है।

# जिले में 40 लड़कियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





लोक आस्था सेवा संस्थान द्वारा पीएचएफ और दसरा के सहयोग से 28 से 30 जुलाई तक तीन दिवसीय यूथ लड़कियों का स्किल डेवलपमेंट और लीडरशिप पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होटल सिटी रेजेन्सी गरियाबंद में किया गया। जिसमें छुरा एवं गरियाबंद ब्लॉक से 40 प्रतिभागी प्रशिक्षित हुए प्रशिक्षण में श्री सच्चिदानंद जी और श्री मलय जी द्वारा यूथ को अपने अपने परिचय से शुरू किये जिसमे अपने अपने 3 गुण लिखने के कहा गया फिर अपने -अपने गाँव के बारे में लिखने के लिए कहा गया तो उसमे ज्यादातर गाँव की कमियां लिखे जिस पर अपने गाँव की अच्छाई को लिखने की स्किल पर जानकारी दिया गया। फिर मै कौन हूँ इसके अंतर्गत अपने आप को पहचानने के बारे में खेल व कहानी से समझ विकसित किया गया। अपने अंदर छुपे स्किल को पहचानने की जरुरत है। गुड लिसनिंग तथा बेड लिसनिंग पर चित्र, खेल के माध्यम से बताया गया, हमेशा हमें अच्छा सुनना चाहिए। सभी प्रतिभागी को जीवन जीने की कला, अपने स्किल को कैसे बढ़ा सकते है इस पर फोकस करते हुए जानकारी दिया गया । अंतिम दिवस नेत्रित्व विकास के बारे में समझ विकसित करते हुए अच्छा आचरण के गुण पर फोकस किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार के खेल, रोल प्ले, गीत, नाटक के माध्यम से इस प्रशिक्षण को मजेदार बनाया गया जिससे सभी प्रतिभागी बहुत उत्साह पूर्वक अपनी क्षमता बढाया। सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण के अंत में बहुत ही खुलेपन महसूस किये और जो नहीं बोल पा रहे थे वे भी बोलना शुरू किये, संस्थान के सचिव लता नेताम द्वारा सभी का धन्यवाद किये। प्रशिक्षण में संस्थान के सभी स्टाफ उपस्थित रहे तथा संस्थान के प्रबंधकारिणी सदस्यों में से भी प्रशिक्षण में भाग लिए।

### कांग्रेस मंडल कमेटियों की गठन प्रक्रिया पर की चर्चा

**अभनपुर।** संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन को सुदृढकरण के लिए मंडल सेक्टर कमेटी गठन के लिए रायपुर जिला ग्रामीण प्रभारी शिव सिंह ठाकुर , प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव प्रवीण साह एवं जिला कांग्रेस कमेटी सचिव सुरेश कुमार वर्मा की उपस्थिति एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के अध्यक्ष विद्या भूषण सोनवानी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक पूर्व विधायक कार्यालय सद्भावना कुटी में संपन्न हुई। बैठक में मंडल-सेक्टर कमेटी गठन सहित वार्ड में कांग्रेस की मजबूती पर चर्चा हुई एवं सभी ने अपने विचार रखे। देशभर में चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जमीनी स्तर पर सुदृढ़ संगठन निर्माण कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत नए चेहरे खासकर महिलाओं एवं युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, सुनील कौशल, चंद्रहास साहू , महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती नीमा निम्बेकर, श्रीमती रेवती यादव, श्रीमती रूपा कोसरिया,श्रीमती रोशनी कौशले, श्रीमती रेणुका साहू, तुलेश साहू, प्रमोद मिश्रा,डोमेंद्र साहू,बीरेंद्र सिन्हा, बीरबल टंडन, हिम्मत सिंह , राज शर्मा ,भरत देवांगन, एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे ।

# रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नपं छुरा में विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25वें वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2025-26 में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत, वार्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि 01 नवबंर 2000 को भारत का 26वां राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को सहेज कर विकास के लक्ष्यों को हासिल करते हुए देश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। छत्तीसगढ़ राज्य ने 25 वर्षों की यात्रा में प्रत्येक आयाम, संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, वनाधिकार एवं औद्योगिक आदि क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। इसी अवसर पर नगर पंचायत छुरा द्वारा 30 जुलाई से 1अगस्त तक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बुधवार को वार्ड क्रमांक 5 स्थित प्राचीन राजा तालाब के सभी पचरियों को साफ किया गया। गुरुवार को वार्ड क्रमांक 4 स्थित बाजार परिसर को स्वच्छ किया गया शुक्रवार को मुक्तिधाम के पास साफ सफाई किया जाएगा।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन, सभापति रजनी लहरे, बलराज पटेल, पार्षद शांतनु देवांगन, यामीन(ट्रांसजेंडर), दीप्ति यादव, दुलम बाई, निखिल साहू, लालू राठौर, अजय चंद्राकर, सुनीता चंद्राकर, लीना दुबे,वेदिका वासनिक, समाजसेवी शीतल ध्रुव, नारायण पटेल, पी आई यू विष्णु निर्मकलर,सहायक राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, कैशियर वीरेंद्र ठाकुर, लेखापाल जितेंद्र पाटकर, धनेश्वर नाग, मनोज दुबे,मिथलेश सिन्हा,मनोज दुबे,कमलेश सिन्हा, शोएब अली,परमेश्वर सिन्हा,मेघराज यादव, दानेश्वर निर्मलकर, वेदप्रकाश मरकाम, अर्जूनधनंजय सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा स्वच्छता दीदियां एवं नगर के नागरिक गण उपस्थित थे।



### केसरी बने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष

**छुरा।** केशरी ध्रुव के भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर शक्ति केन्द्र दुल्ला में बुथ अध्यक्ष गणेश ठाकुर, भाजपा युवा महामंत्री गणेश यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता टेकचंद चंद्राकर, सुरेश शर्मा, गीता चंद्राकर, कस्तुरी चंद्राकर द्वारा फुल माला गुलदस्ते भेंट कर बधाई दिया गया।कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

# छुरा के एकलव्य आवासीय विद्यालय में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद की जयंती


हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा में हिंदी के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर एक विचारोत्तेजक और भावनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रेमचंद जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके साहित्य और विचारों पर सारगर्भित चर्चा की गई, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुंशी प्रेमचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और तिलक के साथ हुई। मंच संचालन संस्कृत शिक्षक प्रशांत दुबे ने किया। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रेमचंद जी की कुछ प्रमुख कृतियों का उल्लेख किया और संक्षिप्त परिचय के माध्यम से उनकी साहित्यिक यात्रा की झलक दी।इसके बाद हिंदी शिक्षक ललित ने प्रेमचंद जी के जीवन से जुड़ी घटनाएं, संघर्ष, और उनके साहित्यिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे एक साधारण परिवार में जन्मे धनपत राय समय के साथ मुंशी प्रेमचंद के रूप में हिंदी साहित्य के अमिट नाम बन गए। उन्होंने प्रेमचंद की प्रसिद्ध कृतियों जैसे 'गोदान, गबन, कफन, निर्मला' आदि का उल्लेख करते हुए उनकी सामाजिक समझ और ग्रामीण जीवन के सूक्ष्म चित्रण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा



कि प्रेमचंद ने अपने लेखन में गांव, किसान, मजदूर, स्त्री, बालक, दलित और गरीब वर्ग की वास्तविकता को जिस ईमानदारी से प्रस्तुत किया, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने प्रेमचंद के साहित्य को भारतीय समाज का जीवंत दस्तावेज बताया।

उन्होंने कहा कि प्रेमचंद की कहानियां आज भी उतनी ही सजीव और सटीक प्रतीत होती हैं जितनी उस समय थीं। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई आज 'बूढ़ी काकी' या 'नशा' जैसी कहानियाँ पढ़े, तो पाएगा कि वे आज के समाज के लिए भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। प्रेमचंद ने ऐसे पात्रों को रचा, जो हमारे आसपास के आम लोग हैं उनकी पीड़ा, संघर्ष और मनोभावना आज भी हमें भीतर तक छू जाती हैं।डॉ. यादव ने कहा कि प्रेमचंद की कहानियां केवल मनोरंजन नहीं हैं, बल्कि समाज को समझने और मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का माध्यम हैं। उन्होंने बच्चों से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे 'ईदगाह, 'बूढ़ी काकी, 'नशा' जैसी कहानियों को अवश्य पढ़ें क्योंकि इनके माध्यम से बच्चों में शिष्टाचार, सहानुभूति और संवेदनशीलता का विकास होता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि प्रेमचंद पहले ऐसे लेखक थे जिन्होंने कहानियों को सामाजिक सरोकार से जोड़ा और साहित्य को केवल कल्पना नहीं, बल्कि जनता की आवाज़ बनाया। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ और शिक्षकीय स्टाफ इस आयोजन में सम्मिलित रहे।




### गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में कवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती सखी सहेली स्व सहायता समूह के महिलाओं ने मनाई। इसमें राधिका वैष्णव ने बताया कि हर साल सावन मास की सप्तमी तिथि को तुलसीदास जयंती मनाई जाती है।




### जुनवानी गांव में तुलसीदास जयंती पर होगा मानसगान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिले के छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत कनेसर के आश्रित ग्राम जुनवानी में जिला स्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जयंती 2 अगस्त से 3 अगस्त दिन रविवार तक दो दिवसीय मम राजीवलोचन जिला मानस संघ गरियाबंद के तत्वावधान एवं महामण्डलेश्वर संत श्री गोवर्धनशरण जी महाराज के सानिध्य में जिला स्तरीय संत गोस्वामी तुलसीदास जयंती एवं दो दिवसीय श्रीराम चरित्र मानसगान का आयोजन रखा गया है। जिसमें प्रथम दिवस 2 अगस्त दिन शनिवार दोपहर 3 बजे भव्य कलश यात्रा वेदी पूजन एवं संध्या 4 बजे से मानसगान प्रारंभ किया जायेगा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष, जनपद पंचायत छुरा,अध्यक्षता योगेश ध्रुव सरपंच, ग्रा.पं. कनेसर, विशेष अतिथि अवधराम साहू जनपद सदस्य एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, ज.पं. छुरा, हुमन मांझी ग्रामीण अध्यक्ष, पंचराम ध्रुव ग्रामीण कोषाध्यक्ष, रामभरोसा ध्रुव, बिसाहू राम ध्रुव, कृपाराम ध्रुव, भरत ध्रुव, विष्णु राम होंगे वहीं द्वितीय दिवस 3 अगस्त दिन-रविवार मानसगान प्रारंभ प्रातः 10 बजे से जिसके समापन समारोह के अतिथि आगमन दोपहर 02 बजे से जिसमें विशेष आगमन महामण्डलेश्वर गोवर्धन शरण जी महाराज सिरकट्टी आश्रम कुटेना एवं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक, राजिम विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सदस्य, जिला-गरियाबंद,विशेष अतिथि चन्द्रशेखर साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जिला-गरियाबंद होंगे यह कार्यक्रम मम राजीवलोचन, जिला मानस संघ गरियाबंद राघवेन्द्र मानस संघ वि.खं. छुरा एवं समस्त ग्रामवासी जुनवानी व ग्राम पंचायत-कनेसर के द्वारा आयोजन किया जा रहा है।



### जंगल को सुरक्षित रखने तार फेंसिंग से घेरा गया

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाइवे मार्ग के किनारे वन परिक्षेत्र नवागढ़ में जंगल क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए इन दिनों सीमेंट का पोल लगाकर तार फेंसिंग किया जा रहा है जिससे जंगल सुरक्षित रह सके।

### हरिभूमि माह जुलाई 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 31 दिन | 5.00 | 155.00 |
| | कुल | 155.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जुलाई 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

